DMRC के जिम्मे मेट्रो-3 का ऑपरेशन और रख-रखाव

एमएमआरसीएल ने बढ़ाई मेट्रो प्रॉजेक्ट से जुड़े कार्यों की रफ्तार

■ **विसं, मुंबई :** मुंबई मेट्रो-3 से सफर की योजना एक कदम और आगे बढ़ गई है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसीएल) ने मेट्रो-3 के ऑपरेशन और रख-रखाव का जिम्मा दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को सौंप दिया है। वैश्विक टेंडर प्रक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया। डीएमआरसी पिछले दो दशकों से सफलतापूर्वक मेट्रो का संचालन कर रही है।

मुंबई में मेट्रो-3 का ट्रायल रन जारी है।

मेट्रो-3 का कॉन्ट्रैक्ट 10 साल के लिए दिया गया है। इसमें ट्रेनों के संचालन, रख-रखाव और मेट्रो सिस्टम इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टेशन समेत तमाम संसाधनों की देखभाल की जिम्मेदारी होगी। एमएमआरसीएल की एमडी अश्विनी भिडे ने कहा कि डीएमआरसी देश में मेट्रो संचालन करने वाली प्रमुख कंपनी है, हम मेट्रो के जरिए लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा देने के लिए संकल्पित हैं। वहीं, एमएमआरसी मेट्रो रेल अथॉरिटी के तौर पर रेवेन्यू मैनेजमेंट, बिजनेस और ब्रैंड मैनेजमेंट, पब्लिक रिलेशन, मल्टिमॉडल इंटिग्रेशन, नॉन-फेयर रेवेन्यू समेत अन्य पहलुओं का ध्यान रखेगी। गौरतलब है कि मेट्रो-3 के पहले चरण में आरे से बीकेसी तक के रूट पर यातायात इस साल के अंत तक शुरू करने की तैयारी है। जबकि, पूरे रूट पर अगले साल जून तक यातायात हो सकेगा।

“ हम मेट्रो के जरिए लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा मुहैया कराने को लेकर कृतसंकल्प हैं। चूंकि, देश में मेट्रो संचालन करने वाली डीएमआरसी प्रमुख कंपनी है, इसलिए उसे मेट्रो-3 के ऑपरेशन का जिम्मा सौंपा गया है।

-अश्विनी भिडे, एमडी (MMECL)